हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 28 मार्च 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

06 राम नवमी पर सीना चीरते राम-सीता दर्शन रूप...



07 धार्मिक स्थलों पर नगर पालिका ने चलाया...



## खबर संक्षेप में





### रामायण पाठ की विश्रांति पर हवन व कन्या पूजन हुआ

**नलखेड़ा।** श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर नवरात्रि के प्रथम दिवस से चल रहे अखंड रामायण पाठ की रामनवमी को विश्रांति हुई। इस मौके पर मंदिर परिसर में हवन, कन्या भोज व कन्या पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री पंचमुखी हनुमान जी का आकर्षक श्रृंगार किया गया था। मंदिर परिसर को फूलों से सजाया गया था।

### पेट्रोल पंपों व गैस एजेंसियों का किया निरीक्षण

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी गैस सिलेंडरों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने और गैस सिलेंडरों के व्यवसायिक उपयोग को रोकने के उद्देश्य से खाद एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के पेट्रोल पंपों, गैस एजेंसियों के गोदामों, होटलों एवं अन्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जा रहा है। आष्टा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी मृगी अग्रवाल ने आष्टा के जिओ फिलिंग, परमार फिलिंग, प्रज्ञा फ्यूल्स, मेहर फिलिंग सहित अनेक पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल एवं डीजल उपलब्ध पाया गया।

## मां बगलामुखी मंदिर पर बालिकाओं का चूनर उढ़ाकर किया सम्मान

# नवरात्रि पर्व के अंतिम दिन देवी के नौ स्वरूपों के साथ निकली प्रभातफेरी







हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त नगर में प्रारंभ हुई श्रीराम संकीर्तन यात्रा अनवरत जारी है। श्रीराम संकीर्तन मंडल द्वारा वर्ष भर में आने वाले पर्व व त्यौहार प्रभातफेरी में मनाए जाते हैं। इसी के चलते चैत्रीय नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन अलग अलग देवी स्वरूपों के साथ प्रभातफेरी निकाली जा रही थी। नवरात्रि के अंतिम दिन नवमी पर देवी के नौ स्वरूपों के साथ प्रभातफेरी निकाली गई। शुक्रवार को प्रातः 5.30 बजे चौक बाजार से श्रीराम संकीर्तन यात्रा प्रारंभ हुई। जिसमें देवी के नौ स्वरूप में नौ बालिकाएं शामिल थीं। भक्तगण झांझ मजीरों व ढोलक पर भजन गाते चल रहे थे। प्रभातफेरी चौक बाजार से गणेश चौराहा गवलीपुरा होते हुए मां बगलामुखी मंदिर पहुंची जहां देवी भजनों की प्रस्तुति व दर्शन उपरांत मां बगलामुखी मंदिर पर पुजारी परिवार के मनोहरलाल पंडा द्वारा देवी के नौ स्वरूप में सजी बालिकाओं के साथ कीर्तन मंडल में शामिल सभी भक्तों का माता की चूनर ओढ़ाकर सम्मान किया गया। प्रभातफेरी पुनः चौक बाजार स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पहुंची जहां श्रीराम स्तुति के बाद समापन हुआ।

## पीताम्बरा सेवा समिति के भंडारा परिसर में ग्यारह सौ कन्याओं के पैर पूजकर कराया कन्या भोज





**नलखेड़ा।** चैत्रीय नवरात्रि के अंतिम दिन मां बगलामुखी मंदिर के समीप पीताम्बरा सेवा समिति द्वारा कन्या पूजन का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। समिति सदस्यों व अन्य माता भक्तों द्वारा ग्यारह सौ से अधिक कन्याओं के पैरों का पूजन किया गया। कन्या पूजन के बाद भंडारा परिसर में कन्या भोज का आयोजन हुआ। कन्या भोज के उपरांत सभी कन्याओं को उपहार भेंट किए गए। मां बगलामुखी मंदिर के पुजारी गोपालदास पंडा द्वारा सभी कन्याओं को माता रानी की चूनर ओढ़ाई गई। इस दौरान समिति सदस्यों के साथ ही मंदिर की व्यवस्थाओं में लगे प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारियों, सेवादारों, विभिन्न स्थानों से आये भक्तों एवं स्थानीय भक्तों द्वारा कन्या पूजन का लाभ प्राप्त किया गया। कन्या पूजन व कन्या भोज के बाद बाहर से पधारे भक्तों के लिए भोजन प्रसादी प्रारम्भ हुई जोकि देर शाम तक जारी रही। भंडारा परिसर में नवरात्रि के प्रथम दिवस जलाए गए अखंड दीपक का विसर्जन देर शाम मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से किया गया।



### लाभार्थी परिवारों का समिति ने किया सम्मान

मां बगलामुखी मंदिर के समीप प्रति नवरात्रि अनुसार इस चैत्रीय नवरात्रि पर्व के दौरान पीताम्बरा सेवा समिति द्वारा बाहर से आने वाले भक्तों के लिए निःशुल्क भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारा परिसर में प्रतिदिन माता रानी के सम्मुख हवन एवं कन्या पूजन के बाद आम भक्तों के लिए भंडारा प्रारंभ किया जाता था। जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में माता भक्तों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। भंडारे में प्रतिदिन माता रानी के भक्तों को भिन्न-भिन्न पकवान प्रसादी के रूप में उपलब्ध करवाये गये। पीताम्बरा सेवा समिति द्वारा प्रतिदिन भंडारे के लाभार्थी परिवारों का सम्मान कर मां बगलामुखी का चित्र स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट किया गया।

## कई श्रद्धालुओं ने करवाए हवन-अनुष्ठान

# मां बगलामुखी के दर्शन कर परिवार की खुशहाली व मंगल की कामना







**नलखेड़ा।** चैत्र नवरात्रि पर्व के अंतिम दिन मां बगलामुखी मंदिर पर प्रातः काल आरती से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मां के दर्शन के लिए लग गई थी। कई स्थानों से माता भक्त मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने मां के अलौकिक श्रृंगार के दर्शन कर परिवार की खुशहाली व मंगल की कामना मां से की। कई भक्तों द्वारा परिवार की खुशहाली तथा अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु यज्ञशाला में बैठकर हवन अनुष्ठान भी किया। महानवमी के साथ ही रामनवमी पर्व होने से प्रातः से ही भक्तों का मेला मंदिर क्षैत्र में लगा हुआ था, जो देर शाम तक जारी था।

**आरती में शामिल हो रहे बड़ी संख्या में भक्त** मां बगलामुखी मंदिर पर प्रतिदिन होने वाली प्रातः 6 बजे मंगलाआरती एवं सायं 7.30 बजे होने वाली संध्याकालीन आरती में बड़ी संख्या में भक्त शामिल हो रहे हैं। ढोल ढमाकों, घंटे घड़ियाल, शंख व झांझ की ध्वनि के साथ होने वाली माता रानी की आरती में भक्त भक्तिभाव में डूब कर झूमने लग रहे हैं। आरती के दौरान सम्पूर्ण मंदिर परिसर भक्तों से खचाखच भरा रहता है। आरती के बाद देर तक माता रानी के जयकारों से मंदिर परिसर गंजायमान रहता है।

### भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष शर्मा पहुंचे मां के दरबार

नवरात्रि पर्व की महाअष्टमी को भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद वीडी शर्मा मां बगलामुखी के दरबार में पहुंचे। जहां वे माता रानी की संध्याकालीन आरती में भी शामिल हुए। शर्मा ने मंदिर परिसर में विशेष हवन अनुष्ठान भी किया। शर्मा के सिद्धपीठ पहुंचने पर भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया।

## युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष पहुंचे मां के दरबार

**नलखेड़ा।** चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन शुक्रवार को युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष श्याम टेलर मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे। उन्होंने माता रानी के दर्शन कर पूजन किया। इसके बाद टेलर ने मंदिर परिसर में स्थित यज्ञशाला में विशेष हवन अनुष्ठान भी किया। सिद्धपीठ पहुंचने पर भाजपा एवं युवा मोर्चा के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओ द्वारा स्वागत कर स्मृति चिन्ह के रूप में मां बगलामुखी का चित्र एवं प्रभु श्री राम की प्रतिमा भेंट की गई।



### पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश मंत्री भी पहुंचे



भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश मंत्री अनिल मंडावरा भी मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने माता रानी के दर्शन किए गए। मंडावरा के सिद्धपीठ पहुंचने पर भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया।

## प्रभारी मंत्री ने संकल्प से समाधान अभियान शुरू किया: बोलीं- सरकार ने गरीब, किसान, युवाओं के किए 1.11 लाख से अधिक आवेदन निराकृत



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय पर संकल्प से समाधान अभियान के तहत जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने इसका शुभारंभ किया। इस अभियान के तहत जिले में अब तक 1,12,950 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से जिला प्रशासन ने 1,11,340 आवेदन पत्रों का निराकरण कर दिया है। शिविर के दौरान मंत्री कृष्णा गौर ने विभिन्न योजनाओं के 25 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित कर लाभान्वित किया। उन्होंने कार्यक्रम के आरंभ में 19 विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में देश और प्रदेश की सरकार कल्याणकारी राज्य की अवधारणा को साकार करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार गरीब, किसान, युवा और महिलाओं सहित सभी के कल्याण तथा प्रदेश के विकास के लिए सतत प्रयासरत है। नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने और उन्हें राहत प्रदान करने के उद्देश्य से यह 'संकल्प से समाधान' अभियान चलाया जा रहा है।

मंत्री गौर ने जिला प्रशासन की टीम द्वारा अभियान के तहत कर्तव्य निर्वहन में दिखाई गई गंभीरता की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह अभियान इस बात का प्रतीक है कि सरकार अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना चाहती है।

## बिजली कंपनी का वसूली अभियान, 28 डिफॉल्टर उपभोक्ताओं के वाहन जब्त

### बिजली बिल बकाया होने पर ट्रैक्टर किया गया बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी ने बकाया बिजली बिलों की वसूली के लिए गांवों में सख्त अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत बिल जमा न करने वाले किसानों और ग्रामीणों के वाहन जब्त किए जा रहे हैं। कंपनी के कर्मचारी गनमैन के साथ गांवों में पहुंचकर कार्रवाई कर रहे हैं।

हाल ही में ग्राम बिलकिसगंज का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ है। इस वीडियो में विद्युत कंपनी के 6-7 कर्मचारी गनमैन के साथ एक किसान के घर पहुंचे और मुश्किल से 5 मिनट के अंदर उसका ट्रैक्टर जब्त कर ले गए। किसान पर हजारों रुपये का बिजली बिल बकाया था, जिसका भुगतान न होने पर यह कार्रवाई की गई। इसी प्रकार, बिलकिसगंज वितरण केंद्र के अंतर्गत ग्राम पाटनी, रालावती, हीरापुर, उल्झावन और भोजनगर में भी बकाया राशि के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की गई।

उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार बकाया राशि की वसूली हेतु यह सख्त एवं आक्रामक अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्यवाही के दौरान अब तक 28 डिफॉल्टर उपभोक्ताओं के वाहन जब्त किए गए हैं। इन उपभोक्ताओं पर लगभग 34 लाख रुपये की बकाया राशि थी। जब्त किए गए वाहनों में ट्रैक्टर, मोटरसाइकिल और अन्य सामान शामिल हैं। विद्युत विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने बकाया बिलों का भुगतान समय पर करें। विभाग ने चेतावनी दी है कि बिल जमा न करने पर भविष्य में भी इसी प्रकार की सख्त कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## सवा चार करोड़ से बनाया जाएगा क्रिकेट स्टेडियम, जारी किए निर्देश

# इछावर बाइपास रोड पर 6 एकड़ में होगा निर्माण कार्य, नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

क्षेत्र में अनेक खिलाड़ी ऐसे है जिन्होंने क्षेत्र का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। शहर में फुटबाल आदि का मैदान है, लेकिन क्रिकेट का बीएसआई के अलावा कोई भी आधुनिक मैदान नहीं होने के कारण खिलाड़ियों को अभ्यास करने का मौका नहीं मिलता है। वहीं इसके निर्माण के साथ ही खेल प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी।

क्रिकेटरों को 2027 से पहले आधुनिक स्टेडियम की सौगात मिलने वाली है। इसके लिए इछावर बाइपास रोड पर रेशम केन्द्र के पास तेजी से स्टेडियम का निर्माण कार्य पूरा होने जा रहा है। गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, नगर पालिका सीएमओ सुधीर कुमार, इंजीनियर विजय कोली के अलावा अन्य पार्षदों ने निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समयसीमा में कराए जाने की बात कही।



शहर में खिलाड़ियों के खेलने के लिए स्टेडियम की सुविधा देने के उद्देश्य से नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने इछावर बाइपास रोड रेशम केन्द्र के पास करीब चार करोड़ 16 लाख की लागत से छह एकड़ क्षेत्र में बनाए जाने वाले आधुनिक क्रिकेट स्टेडियम क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस मौके पर यहां पर उपस्थित अमले ने बताया कि खेल मैदान की बाउंड्री का 80 प्रतिशत और बिल्डिंग का 40 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। 2027 से खिलाड़ियों को सौगात मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

करीब छह एकड़ क्षेत्र में बनाए जाने वाले क्रिकेट स्टेडियम में खिलाड़ियों की सुविधा के लिए निर्माण कार्य किए जाऐंगे। खिलाड़ियों के लिए चेंजिंग रूम की व्यवस्था भी स्टेडियम में रहेगी। शहर में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। इन खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधाओं से लेस स्टेडियम शीघ्र ही निर्मित हो जाएगा। सवा चार करोड़ रुपए से अधिक से बनाए जाने वाले स्टेडियम स्थल का निरीक्षण गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया।

नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने बताया कि राजधानी भोपाल में आधुनिक स्टेडियम है, उसी की तर्ज पर इस स्टेडियम का निर्माण कार्य किया जाएगा। यहां पर पिचों का निर्माण के साथ आधुनिक मशीनों के द्वारा खिलाड़ियों को क्रिकेट की बारीकियों से अवगत किया जाएगा। करोड़ों रुपए की लागत से बनाए जाने वाले स्टेडियम में मैदान पर घास व पानी की व्यवस्था कर मैदान बनाया जाएगा, इससे खिलाड़ियों के साथ बड़े आयोजन करने में सुविधा होगी। शहर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को इस स्टेडियम में खेल प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी।

## जब तक किसान फसल विक्रय ना कर दे, तब तक बिजली विभाग ना करे वसूली : राजीव गुजराती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने बयान जारी कर बताया कि सीहोर में बिजली विभाग द्वारा हिटलरशाही रवैया अपनाते हुए किसानों के ट्रैक्टर, गाडिय़ां घरों से उठाई जा रही हैं, कुर्की की कार्रवाई हो रही है और जिले की प्रभारी मंत्री को इसकी जानकारी ही नहीं।

गुरुवार को मण्डी नवीन सब स्टेशन का उद्घाटन करने आई सीहोर जिला प्रभारी श्रीमती कृष्णा गौर के द्वारा जब पत्रकार बन्धुओं द्वारा पुछा गया कि बिजली विभाग द्वारा किसानों के ट्रैक्टर, गाडिय़ां घरों से उठाई जा रही हैं, कुर्की की कार्रवाई हो रही है, तब प्रभारी मंत्री ने अनभिज्ञता जाहीर करते हुए कहा कि मेरे संज्ञान में नही मैं जिला प्रशासन इस मामले की जानकारी लेती हूं। इस पर श्री गुजराती ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बिजली विभाग द्वारा की जा रही



कार्यवाही की जानकारी 72 घण्टों से मीडिया व सौशल मीडिया पर आ रही है और हैरानी की बात है कि प्रभारी मंत्री को इसकी कोई जानकारी तक नही है। जबकि उनके पीछे कलेक्टर महोदय और भाजपा के जनप्रतिनिधि खड़े हुए है, फिर भी इतना बड़ा मामला संज्ञान में न होना सच में हास्यास्पद है। अफसोस की बात तो यह है कि वर्तमान में किसान अपनी फसल कटाई मैं लगा हुआ है, ऐसी स्थिति में किसान कहाँ से बिजली विभाग का बकाया बिल जमा कर पायेगा। ऊपर से बिजली विभाग के ओवर स्मार्ट मीटर इतने स्मार्ट है कि बिल जमा होने के बाद भी कई जगह अपने आप लाइट काट रहे हैं। जनता परेशान है और जिम्मेदार लोग अनजान। ये स्मार्ट सिस्टम नहीं, पूरी तरह फेल सिस्टम है।

इसके साथ ही जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने सीहोर जिला कालेक्टर को पत्र लिखकर किसानों को पेट्रोल पम्प पर डिब्बों और टंकियों में डीजल दिये जाने पर लीग रोक को हटाने की मांग की है। ग्रामीण क्षेत्रों की वास्तविक स्थिति यह है कि गाँवों में पेट्रोल पम्प उपलब्ध नही है, किसान अपने ट्रेक्टर, हार्वेस्टर व अन्य कृषि उपकरण चलाने के लिये डिब्बों में डीजल लेकर खेतों तक जाते हैं, ऐसे में पेट्रोल पम्प पर किसानों को डिब्बों और टंकियों में डीजल दिये जाने पर लगी रोक को तत्काल हटाई जाए।

## खबर संक्षेप

### चंचल व्यास श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महिला सभा अध्यक्ष नियुक्त



**देवास।** अखिल भारतवर्षीय श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा के अंतर्गत राष्ट्रीय महिला सभा की अध्यक्ष माया राजेश त्रिवेदी की सहमति से चंचल व्यास को देवास जिला महिला सभा के अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। उनकी नियुक्ति पर राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष माया राजेश त्रिवेदी सहित प्रमोद व्यास, राजेश त्रिवेदी, सुबोध शर्मा, कमलेश शर्मा, दिनेश मिश्रा, संजय शुक्ला, महेन्द्र स्थापक, प्रीति पुरोहित, शीला शर्मा, डॉ. रानी व्यास, कविता शर्मा, अंजली व्यास एवं संध्या आचार्य सहित देवास जिले की युवक-युवती परिचय सम्मेलन समिति के सभी सदस्यों तथा श्री महर्षि गौतम सेवा समिति के सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### आज निकलेगा मां दुर्गा का चल समारोह



**देवास।** जन चेतना सामाजिक संस्था द्वारा नौ दिवसीय चैत्र नवरात्रि महोत्सव धूमधाम के साथ विभिन्न सामाजिक, सांस्कृति कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। संयोजक अजय तोमर एवं अध्यक्ष सुदेश सांगते ने बताया कि इन दिनों प्रथम दिवस से नवमी तक प्रतिदिन हजारों की संख्या में भक्तों ने मातारानी के दर्शन कर कार्यक्रमों का आनंद लिया। महोत्सव का आज 28 मार्च को समापन होगा, जिसके अंतर्गत भव्य झांकी, गरबा के साथ विसर्जन चल समारोह शहर में निकलेगा। यह चल समारोह सयाजी गेट से प्रारंभ होकर मीठा तालाब तक निकलेगा। संस्था ने नगर के श्रद्धालुजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर चल समारोह में को सफल बनाने की अपील की है।

### अंबिका माता मंदिर पर हुआ विशाल भंडारा



**भौंरासा।** चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष में अंबिका माता मंदिर छिपापुरा में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें हजारों की संख्या में बच्चे, महिला, पुरुषों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। संतोष राठौर ने बताया कि यहां पर पिछले कई सालों से प्रतिवर्ष भंडारे का आयोजन होता आ रहा है जो आगे भी जारी रहेगा। नौ दिनों तक माता की पूजा अर्चना के दौरान अखंड ज्योत जलाई गई। शुक्रवार को छिपापूरा स्थित मां अंबिका गरबा मंडल भौरासा के तत्वाधान में विशाल भंडारे का आयोजन संपन्न हुआ। शाम से शुरू हुआ भंडारा देर रात्रि तक चलता रहा जिसमें अधिक से अधिक संख्या में पधारकर भंडारे का नगर के लोगों के द्वारा लाभ लिया गया। उक्त जानकारी जितेंद्र राठोर, धर्मेंद्र राठोर, दुर्गेश राठोर, रवि राठोर ,अर्जुन राठोर ने दी।

### रामनवमी पर मंदिरों में उमड़ी आस्था की भीड़, आरती, सुंदरकांड, भंडारे हुए आयोजित

# राम नवमी पर सीना चीरते राम-सीता दर्शन रूप में सजे खेड़ापति सरकार, जय श्रीराम के जयघोष से गूंजा रामाश्रय





### राम भक्ति में रमा शहर, मंदिरों को विशेष रूप से सजाया ,विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

रामनवमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। राम भक्ति में शहर रमा हुआ नजर आया। इस अवसर पर भगवान राम के मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। राम जन्मोत्सव पर हजारों श्रद्धालुओं ने मंदिरों में दर्शन कर पुण्य लाभ कमाया। शुक्रवार दोपहर 12 बजे रामजन्मोत्सव मनाया गया, जिसमें शहर के विभिन्न मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। खेड़ापति मारुति मंदिर और ईटावा स्थित श्री राम मंदिर सहित अन्य राम मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालु पहुंचने लगे थे। ठीक 12 बजते ही प्रभु श्री राम की भव्य आरती की गई, जिसमें हजारों की संख्या में भक्त शामिल हुए।

#### सीना चीरते राम-सीता दर्शन रूप में सजे खेड़ापति सरकार

श्री राम नवमी महापर्व के पावन अवसर पर 27 मार्च को शहर के प्राचीन श्री खेड़ापति मंदिर में भगवान का अद्भुत एवं दिव्य श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर भक्ति, श्रद्धा और उत्साह से सराबोर नजर आया। मंदिर पुजारी दर्शन उपाध्याय ने बताया कि भगवान श्री राम के परम भक्त श्री खेड़ापति सरकार को सीना चीरते हुए राम-सीता दर्शन कराते स्वरूप में आकर्षक ढंग से सजाया गया। यह मनोहारी श्रृंगार रानीबाग निवासी गजू चावरे एवं आलोक बंजारे द्वारा श्रद्धा और भक्ति के साथ तैयार किया गया, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इसे तैयार करने मे 15 दिवस लगा। हनुमान जी का यह श्रंगार माता सीता और प्रभु श्रीराम के प्रति अपना अटूट प्रेम दर्शाने के लिए अपना सीना चीरकर दिखाते हैं कि उनके हृदय में राम-सीता निवास करते है। यह दृश्य हनुमान जी की अहंकार रहित और समर्पित भक्ति को दर्शाता है। जब हनुमान जी अपना सीना चीरते हैं, तो उसमें श्री राम और माता सीता की छवि स्पष्ट दिखाई देती है, जो यह साबित करता है कि उनका पूरा अस्तित्व राममय है। मंदिर को रंग-बिरंगे पुष्पों, आकर्षक विद्युत सज्जा एवं पारंपरिक अलंकरण से भव्य रूप प्रदान किया गया। पूरे दिन मंदिर परिसर जय श्रीराम के जयघोष से गूंजता रहा और भक्तजन भक्ति रस में डूबे नजर आए। कार्यक्रम की प्रमुख झलकियों में भगवान का दिव्य श्रृंगार, महाआरती, पुष्प एवं प्रकाश से सुसज्जित मंदिर परिसर तथा श्रद्धालुओं के लिए विशेष दर्शन व्यवस्था शामिल रही। पुजारी श्री उपाध्याय के अनुसार प्रातः 6 बजे से ही श्रद्धालुओं का आगमन प्रारंभ हो गया था, जो देर रात्रि तक लगातार जारी रहा।

#### श्रीराम नवमी पर सजा रामाश्रय परिसर

मक्सी रोड स्थित धर्म, जनसेवा और सामाजिकता की त्रिवेणी माने जाने वाले रामाश्रय परिसर में शुक्रवार को राम नवमी के पावन अवसर पर प्रभु श्री राम का जन्मोत्सव पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ अत्यंत श्रद्धा और उल्लास से मनाया गया। पर्व के अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक पताकाओं से सजाया गया, वहीं एक दिन पूर्व की गई भव्य विद्युत सज्जा ने वातावरण को और अधिक दिव्य बना दिया। सुबह से ही भजन मंडली द्वारा भजन-कीर्तन की मधुर प्रस्तुतियों से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। ठीक दोपहर 12 बजे प्रभु श्रीराम की महाआरती संपन्न हुई, जिसमें महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, रामाश्रय ट्रस्ट के संस्थापक रमेश कुमार जीतमल अग्रवाल, सभापति रवि जैन, कांग्रेस नेता मनोज राजानी, विधायक प्रतिनिधि भरत चौधरी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। महाआरती के पश्चात श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया गया और भंडारे का आयोजन प्रारंभ हुआ, जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ लिया। उक्त जानकारी ट्रस्ट के राकेश कुमार अग्रवाल ने दी।

#### विशाल भंडारा हुआ आयोजित

रामनवमी के अवसर पर नगर सहित आसपास के गांवों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी के चलते नगर के श्री साईं नगर इंदौर रोड पर सभी नगरवासियों के सहयोग से भंडारे का आयोजन किया गया। प्रतिवर्ष साईं मंदिर पर श्री साईं नगर के रहवासियों द्वारा रामनवमी के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी शुक्रवार के दिन भंडारे का आयोजन किया गया। एकदिवसीय हवन का आयोजन किया गया व नगर व क्षेत्र की सुख शांति की कामना की गई। भंडारे में बड़ी संख्या में नगर वासियों ने पहुंच कर प्रसादी ग्रहण की। नगर के प्राचीन श्री राम मंदिर पर सुंदरकांड एवं महाआरती का आयोजन किया।







## चौधरी इंदौर रत्न अलंकरण से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा




महादेवी पुस्तकालय इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों कला, समाज सेवा, साहित्य, पर्यावरण, शिक्षा, चिकित्सा, विज्ञान, विधि तथा गायन जैसी विधाओं में निपुण प्रदेश एवं देश के 111 विद्वान, विदुषी और प्रतिभाशालियो को चयनित किया। शिक्षा तथा सामाजिक क्षेत्र में अनवरत रूप से सेवा देने वाले कमलापुर निवासी हाल मुकाम इंदौर सुनील कुमार चौधरी ने कई नवाचारों, दूर दराज के क्षेत्र के विद्यार्थियों को विद्यालयों तक लाना, शत प्रतिशत विद्यार्थियों की उपस्थिति, संस्थानों में शासन के साथ-साथ जन भागीदारी, शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम दिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी मध्य प्रदेश शासन के पूर्व राज्य मंत्री पंडित योगेंद्र महंत , मध्य प्रदेश ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष अर्पण जोशी द्वारा सम्मानित किया गया।

चौधरी ने अपने उद्बोधन में आयोजन समिति के प्रमुख जितेंद्र शिवहरे तथा उनकी टीम का आभार व्यक्त करते हुए उपस्थित मानव भाव से सविनय अनुरोध किया। सम्मान प्राप्त करने की स्थिति में प्रत्येक विद्या के व्यक्तियों को अपने जवाबदारी का बखूबी निर्वहन कर अंतिम क्षेत्र में खड़े व्यक्ति के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए तभी यह सही सम्मान सिद्ध होगा।

## मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष प्रताप सिंह ने ली समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह अल्प प्रवास पर गुरुवार को देवास पहुंचे। इस दौरान उनके साथ आयोग मित्र डॉ. दीपक शर्मा भी उपस्थित रहे। यहां उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक कर मानव अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में अध्यक्ष डॉ. सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी अधिकारी मानव अधिकारों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करें। उन्होंने विशेष रूप से लंबित शिकायतों को पेंडिंग प्रकरणों का शीघ्र, निष्पक्ष और समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए।मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने कहा कि प्रशासनिक कार्यवाही में पारदर्शिता और संवेदनशीलता अनिवार्य है तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मानव अधिकारों से जुड़े मामलों में देरी को गंभीरता से लेते हुए जवाबदेही तय करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में अधिकारियों ने आयोग को प्रकरणों की स्थिति से अवगत कराया और शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। बैठक में अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, एसडीएम देवास अभिषेक शर्मा, तहसीलदार दीपिका पाव तथा डीएसपी बबीता बामनिया उपस्थित थे।

### थाना खातेगांव पुलिस ने चंद घंटों में किया लापता व्यक्ति के हत्याकांड का खुलासा

# उधारी के विवाद में कातिल ने की दोस्त की निर्मम हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले के खातेगांव में हुए अंधे कत्ल की गुत्थी पुलिस ने महज 24 घंटे में सुलझा ली। "ऑपरेशन त्रिनेत्रम" के तहत लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी सुनील अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया गया है। हत्या के पीछे 50 हजार रुपए का लेन-देन सामने आया है। 25 मार्च को खातेगांव निवासी रेहाना बी ने अपने पति हनीफ शाह के लापता होने की सूचना पुलिस को दी। उसी दिन हनीफ शाह का शव जीन से चिमटा वाले बाबा के रास्ते पर पड़ा मिला। शव मिलने के बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताई, जिस पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सौम्या जैन और एसडीओपी कन्नौद आदिया शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विजय सिंह लोधी की टीम ने तकनीकी और भौतिक साक्ष्यों के साथ आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। इसी दौरान एक संदिग्ध की पहचान सुनील अग्रवाल के रूप में हुई।

#### उधारी के विवाद में की निर्मम हत्या

आरोपी सुनील अग्रवाल एवं मृतक हनीफ के मध्य पूर्व से ही आवश्यकता पड़ने पर आपस में पैसो का लेन देन चलता था। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मृतक हनीफ शाह से उसका 50 हजार रुपए का लेन-देन था। पैसे वापस नहीं मिलने पर उसने हनीफ को शराब पिलाकर सुनसान स्थान पर ले गया और पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी ने अपनी पहचान छिपाने की कोशिश की, लेकिन सीसीटीवी कैमरों ने सच्चाई उजागर कर दी।

#### टीम को किया पुरुस्कृत

उक्त सराहनीय कार्यवाही में निरीक्षक विजय सिंह लोधी, उनि राजेश बारेला, उनि रमेश पचलानिया, उनि राहुल रावत (थाना कन्नौद), सउनि जगन्नाथ चावड़े, प्रआर दुर्गेश विश्नोई, प्रआर सुनील प्रजापत, प्रआर रविन्द्र तोमर, प्रआर रवि राव जाधव(थाना सतवास), आर. सोहन जाट, भरत शर्मा, नितेश गौर, मनमोहन मीणा, गौरव तोमर, योगेन्द्र पटेल, सूरज चौहान, आर. जयदेव (थाना सतवास) मआर पायल कुंवर, म.आर खुशूब सिंह, आर बालकृष्ण छापे (थाना कन्नौद), आर सोनू, आर. युवराज सायबर सेल, सैनिक अरविन्द, सैनिक मनीष बाथोले, सैनिक संदीप तोमर (थाना नेमावर) का सराहनीय योगदान रहा । सफल कार्रवाई के लिए पुलिस टीम को 10 हजार रुपए के नकद पुरस्कार की घोषणा की गई है।

## सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न 12 जोड़े विवाह बंधन में बंधे



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी लोधी समाज भौरासा द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन रामनवमी के उपलक्ष में शुक्रवार में रखा गया, जिसको लेकर पिछले कई दिनों से समिति बड़ी जोर शोर से तैयारी कर रही थी। लगातार 18 वी बार लोधी समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन राम मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया जिसमें 12 जोड़ो का विवाह हुआ। जिन्हें नगर परसाई संजय कुमार जोशी, पंडित संतोष शर्मा, पंडित विवेक शर्मा द्वारा कराया गया। सम्मेलन में इंदौर, उज्जैन शाजापुर, मक्सी, शुजालपुर आष्टा, सीहोर, देवास, सोनकच्छ, पीपलरांवा, कमलापुर, हाटपिपलिया, नेवरी चापड़ा, अमरपुरा, खटांबा, जामगोद सहित कई क्षेत्रों से दूल्हा दुल्हन पहुंचे थे। सम्मेलन में बड़ी संख्या में नगर के सामाजिक गण मौजूद रहे। उक्त जानकारीसामूहिक विवाह समिति के छगन लोधी ने दी।

खबर संक्षेप

## अश्लील कंटेंट वायरल करने वाले पर केस

**ललितपुर**। डिजिटल दौर में सोशल मीडिया के दुरुपयोग और साइबर अपराध का एक गंभीर मामला थाना महरौनी में सामने आया है। एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा युवती के नाम से फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर उसकी तस्वीरें और अश्लील वीडियो (रील्स) वायरल करने के आरोप में पुलिस ने मामला दर्ज किया है। क्षेत्र के निवासी एक व्यक्ति ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी बहन के नाम से एक फर्जी आईडी बनाई है। आरोप है कि इस आईडी पर उसकी बहन की असली फोटो के साथ-साथ छेड़छाड़ की गई अश्लील तस्वीरें, अभद्र बातें और गंदी रील्स पोस्ट की जा रही हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार, आरोपी जानबूझकर उसकी बहन को बदनाम करने और उसकी सामाजिक छवि खराब करने की कोशिश कर रहा है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## स्टेशन पर भोजनालय के नाम से ठगी

**ललितपुर**। कोतवाली थाना क्षेत्र में रेलवे स्टेशन के पास एक बड़े भोजनालय फर्म के नाम का फर्जी इस्तेमाल कर ठगी का मामला सामने आया है। अरिहंत भोजनालय के मालिक प्रमेन्द्र कुमार जैन ने लिखित शिकायत में बताया कि कोई अज्ञात व्यक्ति उनकी फर्म का नाम, जीएसटी, एफएसएसएआई और ट्रेडमार्क नंबर का दुरुपयोग कर रेलरेस्त्रो जैसी वेबसाइट पर खाना बुकिंग का ऑनलाइन ऑर्डर ले रहा है। पैसे तो ले लिया, लेकिन खाना या तो नहीं पहुंचाया या घटिया सामग्री भेज दी। इससे फर्म की साख बुरी तरह प्रभावित हो रही है। कई ग्राहक फोन करके शिकायत कर रहे थे कि आपने पैसे लिए लेकिन खाना नहीं दिया या सामग्री खराब थी। 26 मार्च 2026 को जब शिकायतकर्ता ने खुद ट्रेन टिकट बुक कर खाना ऑर्डर करवाया तो पता चला कि ललितपुर स्टेशन पर कोई अन्य व्यक्ति (जिसने अपना नाम नेहा वर्मा बताया) उनके फर्म के नाम से खाना पहुंचाने आया था। जीआरपी ने उसे रोका, लेकिन महिला आरक्षी न होने के कारण कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। प्रमेन्द्र कुमार जैन ने शिकायत में स्पष्ट लिखा कि उसकी फर्म के नाम से ऑनलाइन भुगतान लेकर खाना नहीं पहुंचाया जा रहा है। इससे आम जनता को ठगी हो रही है और मेरी फर्म की साख खराब हो रही है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

## चाय-नाश्ते की दुकान से 21 क्वार्टर शराब बरामद

**ललितपुर**। कोतवाली थाना क्षेत्र के सिलगन फाटक के पास जिला पंचायत की बनी हुई चाय-नाश्ते की दुकान पर पुलिस ने बुधवार शाम को छापा मारा। दुकानदार सुदीप कुमार को 21 क्वार्टर (टेट्रा पैक) अवैध देसी शराब (मार्का रसभरी) बेचते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया गया। 26 मार्च को शाम 7.01 बजे चौकी प्रभारी दैलवारा ललित उज्जवल को मुखबिर की सूचना मिली कि सिलगन फाटक के पास चाय की दुकान चलाने वाला व्यक्ति अपनी दुकान के बाहर बैठकर अवैध देसी शराब बेच रहा है। सूचना पर तुरंत टीम के साथ पहुंची पुलिस ने दुकान के सामने बैठे व्यक्ति को घेर लिया। व्यक्ति भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन पुलिस ने उसे तुरंत दबोच लिया। पूछताछ पर उसने अपना नाम मोहल्ला लक्ष्मीपुरा निवासी सुदीप कुमार पुत्र लक्ष्मीनारायण बताया। पुलिस ने उसके पास से बाएं हाथ में लिये लाल रंग के थैले (देवास क्लाथ हाउस) में से 21 क्वार्टर टेट्रा पैक अवैध देशी शराब मार्का रसभरी बरामद की। आरोपी से लाइसेंस मांगा गया तो वह कुछ नहीं दिखा सका और गलती की माफी मांगने लगा। उसने बताया कि साहब, घर में पूजा है, इन्हें पूजा में इस्तेमाल करने के लिए रखा था, एक-आध बेच भी लेता हूं। पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

## परिवार पर लाठी-डंडों से हमला, धमकी दी

ललितपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के नेहरू नगर पेश दरवाजा वादी मोहल्ला में बुधवार रात एक परिवार पर पड़ोसियों ने लाठी-डंडे और घूंसे-लातों से हमला कर दिया। आरोपियों ने गालियां दीं और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित रामसेवक ने थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

### फिलिंग पंपों व बॉर्डरो पर पुलिस पेट्रोलिंग होगी, निगरानी होगी

# पेट्रोल-डीजल का स्टॉक, जमाखोरी व अधिक मूल्य लेने पर कार्रवाई होगी: जिलाधिकारी

**कृषि कार्य हेतु ड्रम व कंटेनरों में डीजल लेने वालों का ब्योरा लिया जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जनपद में पेट्रोलियम पदार्थों यथा पेट्रोल, डीजल आदि की सुचारू आपूति के सम्बन्ध में गुरुवार को जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने पुलिस लाइन हॉल में समस्त रिटेल आउटलेटस, पेट्रोल पम्प मालिक, संचालक एवं समस्त सेल्स आफीसर के साथ बैठक की। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों को अवगत कराया कि जिले में पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है, मात्र अफवाहों के कारण पेट्रोलियम उत्पादों की मांग अचानक से बढ़ गई है, जिसके लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी डीलरों के साथ बैठक कर निर्देशित किया गया है कि कोई पम्प संचालक किसी भी दशा में पेट्रोल को बोटल, केन, ड्रम आदि में आपूर्ति नही करेगा। पेट्रोल केवल वाहनों में दिया जायेगा। सभी पम्प संचालक डीजल की आपूर्ति वाहनों में करेंगे, कृषि कार्य हेतु 20 लीटर डीजल मानक कन्टेनर में दिया जायेगा और पम्प संचालक ऐसे ग्राहक जो कृषि कार्य हेतु डीजल केन ड्रम में ले रहे है, उनका आधार प्राप्त करेंगे और रजिस्टर में नाम, ग्राम का नाम, मोबाइल नम्बर आदि अंकित करेंगे। उक्त रजिस्टर का सत्यापन कराया जायेगा तथा बार-बार केन, ड्रम में डीजल ले जाये जाने की पुष्टि होने पर कठोर कार्रवाई की जायेगी। इस



अवसर पर राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन के साथ प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। साथ ही एक ही परिवार के सदस्यों द्वारा पृथक-पृथक दुराशय से यथा कालाबाजारी, जमाखोरी आदि के उद्देश्य से केन में डीजल एकत्रित कर मुनाफा कमाने की स्थिति में आवश्यक वस्तु अधिनियम के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही सम्पादित करायी जायेगी। सभी पेट्रोल पम्पों पर सीसीटीवी कैमरे सक्रिय रहे तथा ऐसे कोण पर हो जिससे कि पेट्रोल, डीजल भरने का स्थान कैमरे में रिकार्ड हो। सभी पेट्रोल पम्पों पर वितरण व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित कराने हेतु दो-दो पुलिसकर्मियों तैनाती की जायेगी। जनपद के सभी 28 बॉडर प्वांइट को सक्रिय करते हुये पुलिसकर्मियों की पेट्रोलिंग बढाई जायेगी तथा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि जनपद का डीजल/पेट्रोल किसी भी दशा में जनपद से बाहर ड्रम, केन आदि के माध्यम से कालाबाजारी करने की उद्देश्य से तस्करी न किया जा सके। डीजल पेट्रोल की कालाबाजारी जमाखोरी को रोकने हेतु स्वयं भ्रमणशील रहेगें तथा पेट्रोल पम्पों को औचक निरीक्षण करते हुये वितरण व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करायेगें। जनपद में डीजल पेट्रोल की जमाखोरी, कालाबाजारी, निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य लेने बाले पम्प संचालकों/व्यक्तियों के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के अन्तर्गत विधिक कार्रवाई की जायेगी।

### मंदिर परिसरों, मार्गों पर सफाई कराई

# धार्मिक स्थलों पर नगर पालिका ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

चैत्र नवरात्रि पर्व को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका परिषद द्वारा शहर भर में व्यापक स्तर पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान नपाध्यक्ष सोनाली जैन के निर्देशन में संचालित किया गया, जिसमें सभी वार्डों के मंदिरों, शिवालयों एवं उनके आसपास के क्षेत्रों को प्राथमिकता के आधार पर साफ-सुथरा बनाया गया। अभियान के अंतर्गत मंदिर परिसरों के साथ-साथ श्रद्धालुओं के आवागमन वाले प्रमुख मार्गों पर विशेष सफाई कराई गई व चूना का छिड़काव भी कराया गया। नगर पालिका द्वारा यह सुनिश्चित किया गया कि श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना के दौरान स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण मिल सके।

इस दौरान नपाध्यक्ष ने संबंधित सफाई निरीक्षकों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि नवरात्रि हिंदूओ की आस्था और श्रद्धा का पर्व है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग मंदिरों में दर्शन के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में साफ-सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की



लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। विशेष अभियान के तहत शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों ललितेश्वर माता मंदिर, काली बउआ माता मंदिर, चंडी माता मंदिर, तुवन मंदिर, तालाबपुरा स्थित छोटी माता मंदिर, पतरुआ माता मंदिर और जागेश्वरी मंदिर सहित विभिन्न मोहल्लों में गहन सफाई कार्य कराया गया। अभियान के दौरान सफाई एवं खाद्य निरीक्षक जितेंद्र स्वरूप तिवारी, प्रभारी सफाई निरीक्षक महेंद्र सिंह यादव, हेड सुपरवाइजर संजय कुमार, गैरिज प्रभारी अमित कुमार सहित स्वच्छता नायक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मैक्स लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी के

# 6.54 लाख ठगे, तीन मोबाइल से फोन कर मैच्योरिटी का झांसा दिया

**पीड़ित को शक हुआ तो साइबर प्रभारी के पास लिखित शिकायत दी**

**ललितपुर**। कोतवाली थाना क्षेत्र के गांधीनगर नई बस्ती निवासी शिव मोहन रिछारिया की पत्नी अंजली रिछारिया के नाम से मैक्स लाइफ इंश्योरेंस की पॉलिसी के बहाने साइबर फ्रॉड ने 6,54,000 की ठगी कर ली। फ्रॉडस्टर्स ने मैच्योरिटी अमाउंट दिलाने का झांसा देकर पहले 74,000 फिर 5,80,000 की रकम फोन-पे से मंगवाई। बताया गया है कि 12 मार्च 2026 को मोबाइल नंबर से फोन आया। फ्रॉडस्टर्स ने बताया कि पॉलिसी मैच्योर हो गई है। मैच्योरिटी राशि 5,50,664 निकालने के लिए पहले 74,000 जमा कराओ। शिव मोहन ने अपने बैंक खाते से उसके खाते में फोन-पे से रकम ट्रांसफर कर दी। तीन दिन बाद उसी नंबर और एक अन्य नम्बर से फिर फोन आया। अब पेंशन प्लान का बहाना बनाकर 5,80,000 मांगे और बताया कि आपको 28,80,000 मैच्योरिटी मिलेगी। शिव मोहन ने 17 से 23 मार्च तक अलग-अलग दिन पीएनबी और एसबीआई खातों से कुल 5,80,000 उसी बैंक ऑफ बड़ौदा के खाते में जमा करा दिए। 25 मार्च को फिर नंबर से फोन आया और फिर रकम मांगी। तब जाकर पीड़ित को शक हुआ और उन्होंने साइबर प्रभारी के पास लिखित शिकायत दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त के खिलाफ मामला

# बालगृह और संप्रेक्षण गृह की व्यवस्था सुधारने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जनपद न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष द्वारा राजकीय बालगृह (बालक) दैलवारा एवं राजकीय सम्प्रेक्षण गृह, नेहरूनगर का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान न्यायाधीश ने उच्च न्यायालय जुवेनाइल जस्टिस कमेटी के निर्देशों के अनुपालन में दोनों संस्थाओं में निवासरत बालकों एवं किशोरों से शैक्षिक व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बच्चों से उनके स्वास्थ्य, भोजन, दैनिक दिनचर्या एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर संवाद कर उनकी समस्याएं और आवश्यकताएं भी जानीं। इस अवसर पर न्यायाधीश ने संबंधित



अधिकारियों को निर्देशित किया कि संस्थाओं में रह रहे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, संतुलित आहार, समुचित स्वास्थ्य सेवाएं और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जाए। साथ ही उनके सर्वांगीण विकास के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं प्रभावी रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# जमीन हड़पने करने के लिए फर्जी दानपत्र की साजिश रची, 5 पर केस

**ललितपुर**। जिले के अंतर्गत थाना महरौनी में धोखाधड़ी और मारपीट का एक गंभीर मामला सामने आया है। ग्राम दरौनी निवासी 60 वर्षीय हरलाल ने आरोप लगाया है कि उनकी खरीदी हुई जमीन को हड़पने के उद्देश्य से विक्रेता ने अपने ही परिवार के साथ मिलकर षड्यंत्र रचा और फर्जी दस्तावेज तैयार किए। पीड़ित हरलाल के अनुसार, उन्होंने 24 अक्टूबर 2003 को रामकिशन पुत्र तुलसीदास से ग्राम दरौनी स्थित आराजी संख्या 462 (नया नंबर 697) की 0.498 हेक्टेयर जमीन खरीदी थी। चकबंदी प्रक्रिया चलने के कारण सरकारी अभिलेखों में नाम दर्ज होने की कार्रवाई विचाराधीन थी। आरोप है कि इसी का फायदा उठाकर विक्रेता रामकिशन ने जून 2022 में धोखाधड़ी करते हुए उक्त जमीन का दानपात्र अपनी पत्नी उमा और पुत्र दीपक के नाम कर दिया। शिकायतकर्ता ने बताया कि 27 अगस्त 2025 को जब वह महरौनी तहसील में अपने मुकदमे की पैरवी के लिए आए थे, तब आरोपी रामकिशन, उसकी पत्नी, पुत्र और दो अन्य साथियों (देवनारायण रिछारिया व संतोष कुमार रावत) ने उन्हें घेर लिया। जब हरलाल ने फर्जी दानपत्र का विरोध किया, तो आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज की और लात-घूंसों से मारपीट की। शोर मचाने पर गवाहों ने बीच-बचाव किया, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित ने बताया कि पहले थाने और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सुनवाई न होने पर उन्होंने न्यायालय की शरण ली। अब एसीजेएम महरौनी के आदेश पर पुलिस ने पांचों आरोपियों में रामकिशन, उमा, दीपक समेले, देवनारायण रिछारिया और संतोष कुमार रावत के खिलाफ मामला पंजीकृत कर लिया है।

# नारी सशक्तीकरण की दिशा में जमीनी स्तर पर कार्य कर रहा है जिला प्रशासन: जिलाधिकारी

### जिलाधिकारी ने नन्ही कन्याओं का पूजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

महिला सशक्तीकरण के तहत जनपद में चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश ने विगत 24 मार्च को जहां छात्रा रोहिणी को एक दिन का जिलाधिकारी बनाया था तो वहीं आज गुरुवार को तुवन मंदिर प्रांगण में नन्ही नन्ही कन्याओं का पूजन कर पूरे जनपद को नारी सशक्तीकरण का संदेश दिया। उन्होंने छोटी छोटी बालिकाओं का पूजन किया, उन्हें मातारानी की चुनरी ओढ़ाई और उपहार भी भेंट किए। इसके उपरांत कन्याओं को प्रसाद ग्रहण कराया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में सभी कार्य जमीनी स्तर पर किए जा रहे हैं, इसी के क्रम में आज कन्या भोज का कार्यक्रम रखा गया है। ये पुण्य कार्य है, जिसमें सभी को बढ़चढ़ कर आगे आना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु नवरात्रि के पर्व पर मिशन शक्ति के विशेष अभियान फेज-0.5 के द्वितीय चरण का शुभारंभ हो गया है, जिसके अंतर्गत जनपद में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर जन जागरुकता अभियान चलाये जा रहे हैं और महिला केन्द्रित योजनाओं-मुख्यमंत्री कन्या



सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेन्टर, 181 हेल्पलाइन, निराश्रित महिला पेंशन योजना, शक्ति सदन आदि योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त महिलाओं एवं बालिकाओं को संरक्षण प्रदान करने वाले प्रमुख कानूनों-घरेलु हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिग उत्पीड़न अधिनियम आदि कानूनी जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### थाना परिसर का भ्रमण कर कार्यालय, हवालात को देखा

# थाना सौजना का निरीक्षण कर साफ-सफाई व कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए

**ललितपुर**। अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह ने पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में थाना सौजना का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर का भ्रमण कर कार्यालय, हवालात, कम्प्यूटर कक्ष, मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर हेल्प डेस्क, ड्यूटी रजिस्टर, सीसीटीवी कैमरे, ई-मालखाना व बैरक आदि व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया तथा साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विभिन्न अभिलेखों व रजिस्टरों रजिस्टर नं. 8, एनसीआर, रजिस्टर नं. 4, त्यौहार रजिस्टर, क्रियाशील अपराधी रजिस्टर, टॉप-10, हत्या/बलवा रोकथाम, भूमाफिया, महिला उत्पीडन, सम्पूर्ण समाधान, फ्लाईशीट, एचएस एवं आईजीआरएस का अवलोकन किया गया, जो अद्यावधिक व संतोषजनक पाए गए। इसके अलावा ई-मालखाना, शस्त्रागार व बन्दीगृह का निरीक्षण कर शस्त्रों की नियमित सफाई, माल के विधिक निस्तारण व जीडी प्रविष्टियों को समयबद्ध रखने के निर्देश दिए गए। साइबर हेल्प डेस्क की समीक्षा करते हुए वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों में त्वरित कार्रवाई, बैंक समन्वय, डेबिट फ्रीज व लियन प्रक्रिया को प्रभावी बनाने तथा प्रतिबिम्ब व समन्वय पोर्टलों के बेहतर उपयोग के निर्देश दिए गए। अपर पुलिस अधीक्षक ने कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ रखने हेतु पैदल व रात्रि गश्त बढ़ाने, संदिग्ध व्यक्तियों व



वाहनों की सघन चेकिंग करने तथा अपराध नियंत्रण के लिए गुण्डा, गैंगस्टर व हिस्ट्रीशीट कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए। साथ ही वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी व अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने पर जोर दिया। मिशन शक्ति केन्द्र के निरीक्षण में महिला सुरक्षा, परामर्श व शिकायत निस्तारण को प्राथमिकता देने, एंटी रोमियो टीम की सक्रियता बढ़ाने तथा वैज्ञानिक साक्ष्यों के उपयोग पर बल दिया गया। थाना प्रभारी को जनसुनवाई प्रभावी बनाने, बीट पुलिसिंग मजबूत करने तथा यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। पुलिसकर्मियों को जनता से शालीन व्यवहार करने, उनकी समस्याओं को संवेदनशीलता से सुनने एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### वीरलोचनी बीजासेन में उमड़े श्रद्धालु

# मां की कृपा से समस्त जगत धन्य हो जाता: विनीत बाबा



**ललितपुर**। श्रीराम नवमी पर 1008 मां वीरलोचनी बीजासेन भवानी सिद्ध योग पीठ गांधीनगर नई बस्ती में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने माता रानी के नौ स्वरूप की पूजा अर्चना कर व्रत रखा तथा मंदिरों में जलभिषेक भी किया। माता के भजनों से वातावरण भक्तिमय हो बना रहा। जगह-जगह धार्मिक आयोजन और अन्य कार्यक्रमों की भी घूम रही। कई श्रद्धालुओं ने माता रानी को चुनरी, लाल पुष्प और मिठाई का भोग लगाया। श्रद्धालुओं ने व्रत रख पूजा अर्चना के लिए माता के दरबार की और रुख किया। माँ वीरलोचनी बीजासेन भवानी सिद्ध योग पीठ में पूजा अर्चना और भक्ति का सिलसिला चलता रहा माता के अभिषेक पूजन के साथ-साथ उनका श्रृंगार तथा चुनरी चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा। हिंदू धर्म में नवरात्रि की नवमी तिथि का विशेष महत्व होता है। नवमी तिथि को रामनवमी और महानवमी के नाम से जाना जाता है। श्री श्री 1008 माँ वीरलोचनी बीजासेन भवानी सिद्ध योग पीठ गांधीनगर नईबस्ती में मां का आशीर्वाद लेने के लिए भक्तों का तांता दरवार में लगा रहता है। मां के इस मंदिर में नवरात्र के सप्तमी, अष्ठमी और नवमी को विशेष पूजा-पाठ भी किए जाते हैं। मां दुर्गा अपने नौ रूपों में आती हैं। भक्त 9 दिन तक माता रानी के उपासना में लीन होकर पूजा अर्चना करते हैं। इस दौरान कन्या पूजन का आयोजन भी धूमधाम से किया गया, जिसमें छोटी बालिकाओं को भोजन कराकर उपहार भेंट किए गए।

### रामनवमी पर श्रद्धालुओं को जल प्रसाद वितरण किया

# श्री जगदीश मंदिर में श्रीरामजी का जन्मोत्सव मनाया




हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

रामनवमी पर श्री जगदीश मंदिर प्रांगण में महाप्रभु श्रीरामजी के जन्मोत्सव कार्यक्रम में आए श्रद्धालुओं को शीतल जल प्रसाद व्यवस्था अखिल भारतीय श्रीपटवा महासभा इकाई ललितपुर जिला अध्यक्ष वासुदेव पटवा, गोविन्द पुरी द्वारा की गई। जिसमें आए श्रद्धालुओं ने भीषण गर्मी में शीतल जल प्रसाद की सराहना करते इस स्लोगन को शीतल जल है अनमोल जय जगन्नाथ की बोल को काफी सराहा और काफी लोकप्रिय रहा है। इस दौरान अध्यक्ष वासुदेव पटवा गोविन्दपुरी ने सभी श्रद्धालुओं का स्वागत वंदन अभिनंदन किया और तिलक लगाया। इस दौरान अध्यक्ष सुधांशु शेखर हुंडैत, श्याम सुंदर हुंडैत, पत्रकार विभाकांत हुंडेत, पीयूष हुंडैत, बब्लू हुण्डैत, जीतू हुण्डैत, ह्रदेश हुण्डैत परिवार देवकीनंदन पटवा, लालजी पटवा, मनमोहन पटवा, जगदीश पटवा, रोहित पटवा, वन्टी पटवा, श्रीराम नामदेव के अलावा अनेक श्रद्धालुओं ने उपस्थित जताई।

## मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम न्याय व अन्याय के संघर्ष में सदैव पक्षधर: शर्मा



**ललितपुर**। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर स्तम्भकार सिद्धार्थ शर्मा ने कहा कि भगवान बाल्मीकि ने राम की व्याख्या करते हुए कहा है कि रामोविग्रहवान धर्म अर्थात धर्म का मूर्तिमान रूप राम हैं। आदिकवि चरित्र और धर्म को समान मानते हुए कहते हैं राम सदा रहने वाले धर्म वृक्ष के बीज हैं और सभी मनुष्य उस वृक्ष के पत्ते और फल हैं। चरित्र के संतुलित एवं बहुमुखी विकास में उनका शरीर और मन दोनों सम्मिलित हैं। राम के कंधे चौंडे और उठे हुए हैं। हाथ घुटनों तक लंबे, गले की हड्डी मांस से दबी हुई, गर्दन शंख की तरह, सिर उत्तम ललाट चौड़ा, और आंखें बड़ी बड़ी, रंग चमकीला, सब अंग बराबर बंटे हुए हैं। बाल्मीकि के प्रश्न के उत्तर में नारदजी ने गुणों की जो सूची बनाई है, उस पर राम ही खरे सिद्ध होते हैं। बाल्मीकिजी का कहना है राम नियतात्मा हैं, इंद्रियजित हैं। कर्म की शक्ति बड़ी-चढ़ी है। संग्राम में पीछे पैर नहीं रखते। नीति में चतुर, सुंदर भाषण करने वाले, स्वजनों का भार उठाने वाले, शस्त्र और शास्त्र में पारंगत, सदा हंसकर बोलते हैं। न्याय और अन्याय के संघर्ष में पीड़ित के पक्षधर रहते हैं, चारित्रिक सफलता से युक्त ऐसी महान विभूति युगांतर तक निर्बल के बल, राम के रूप में सदा अमर हैं।

## नगर में होंगे कई विकास कार्य, कई निर्णय पर विमर्श के बाद सहमति

# नपा से 68 करोड़ 10 लाख 97 हजार 206 का अनुमानित बजट हुआ पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

नगर पालिका परिषद का विशेष सम्मेलन गुरुवार को जल संसाधन विभाग के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। इस दौरान वर्ष 2026-27 के लिए 68 करोड़ 10 लाख 97 हजार 206 रुपये का अनुमानित बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया।

बैठक में शहर के विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और विभिन्न प्रशासनिक प्रस्तावों पर चर्चा हुई, जिसमें सभी 22 प्रस्तावों को एकमत से मंजूरी मिली है। सम्मेलन में नगर पालिका की स्वामित्व वाली उस भूमि पर भी चर्चा हुई, जिसे वर्ष 2012-13 में मधुमिलन फैक्ट्री को लीज पर दिया गया था। लीज अवधि समाप्त होने के बाद, यह निर्णय लिया गया कि भूमि को पुनः नगर पालिका को हस्तांतरित कराया जाए और बकाया राशि की वसूली के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए।




### मुख्यमंत्री द्वारा दिए 10 करोड़ से यह होंगे विकास कार्य

मुख्यमंत्री द्वारा घोषित 10 करोड़ रुपये की राशि के तहत कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों को स्वीकृति मिली। इनमें ओल्ड सुठालिया रोड पर 50 लाख रुपये की लागत से डामरीकरण, ऑडिटोरियम के आंतरिक कार्यों के लिए 150 लाख रुपये, राजगढ़ रोड पर सब्जी विक्रेताओं के लिए टीनशेड निर्माण हेतु 50 लाख रुपये और दशहरा मैदान में आरसीसी निर्माण के लिए 100 लाख रुपये शामिल हैं।इसके अतिरिक्त, शहर के सभी वार्डों में सीसी रोड और नाली निर्माण के लिए 450 लाख रुपये तथा अंजनीलाल मंदिर मार्ग पर सीसी निर्माण के लिए 200 लाख रुपये की मंजूरी दी गई।

जलप्रदाय व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जल शुद्धिकरण सामग्री, हैंडपंप उपकरण और पाइप मरम्मत सामग्री की खरीद को स्वीकृति प्रदान की गई। स्ट्रीट लाइट के संचालन एवं संधारण, विद्युत सामग्री क्रय और भविष्य में सोलर लाइट व्यवस्था लागू करने के प्रस्तावों को भी मंजूरी मिली।नए नगर पालिका भवन के निर्माण के लिए स्थान का चयन कर विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) शासन को भेजने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही गीता भवन निर्माण हेतु प्रस्ताव भेजने पर भी सहमति बनी।

### दुकानों की फिर होगी नीलामी प्रक्रिया

दुकानों की पुनः नीलामी प्रक्रिया और बकाया प्रीमियम राशि जमा न करने पर दुकानों को राजसात करने जैसे प्रस्तावों को भी पारित किया गया। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष लीलादेवी कुशवाह, सांसद प्रतिनिधि पवन कुशवाह, उपाध्यक्ष अतुल जगताप सहित सभी पार्षद, सीएमओ इकरार अहमद उपस्थित थे।

## अभा ग्राहक पंचायत का ग्राहक जागरुकता कार्यक्रम

# भारत व रुपया मजबूत करने स्वदेशी वस्तुओं को उपयोग जरूरीः दिनकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶नरसिंहगढ़






अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत इकाई नरसिंहगढ़ द्वारा सम्राट विक्रमादित्य एकेडमी नरसिंहगढ़ में जिला स्तरीय ग्राहक सम्मेलन एवं प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता दिनकर सबनीस राष्ट्रीय संगठन मंत्री ग्राहक पंचायत, मुख्य अतिथि लक्ष्मीनारायण चौहान सह प्रांत समरसता प्रमुख, विशिष्ट अतिथि अंलकार वशिष्ट मध्य क्षेत्र संगठन मंत्री एवं सुरेन्द्र सक्सेना सदस्य जिला उपभोक्ता फोरम राजगढ़, कार्यकारी प्रांत अध्यक्ष विवेक भटनागर, प्रांत सचिव राजेश बाबू दांगी मंचासीन रहे। कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत मां भारती एवं स्वामी विवेकानन्द के छायाचित्रों पर माल्यार्पण एवं दीपप्रज्जवलन के साथ की गई। कार्यक्रम में उपस्थित मंचासीन अतिथियों ने उपस्थित ग्राहक शक्ति एवं ग्राहक पंचायत के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया गया। मुख्य वक्ता सबनीस जी ने अपने उदबोधन में कहा कि भारत और रूपया को मजबूत करना है तो स्वदेशी वस्तुओं को उपयोग आवश्यक है, उन्होंने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से स्वदेशी एवं विदेश वस्तुओं के क्रय विक्रय से भारतीय रूपया और डॉलर के मूल्य के अंतर को स्पष्ट किया तथा उन्होनें कहा कि बाजार परिवर्तन हो या व्यवस्था परिवर्तन ग्राहक को आवाज उठाना चाहिए, क्योंकि ग्राहक रहेगा मौन तो उसकी सुनेगा कौन, ग्राहक पंचायत के माध्यम से विभिन्न क्षैत्रों में किये गये प्रयासों से आये परिवर्तनों एवं ग्राहकों को मिलने वाले लाभ के बारे में बताते हुये उन्होनें भारत सरकार द्वारा ग्राहकों के लिये जारी हेल्पलाईन नंबरों के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

मुख्य अतिथि लक्ष्मीनारायण चौहान ने कहा कि देश निरंतर विकास कर रहा है और समाज में जागृति आ रही है, समाज को सशक्त बनाना हमारा काम है, देश के प्रत्येक नागरिक स्व को लेकर अपना कार्य करेंगे तो हम किसी पर निर्भर नहीं रहेंगे। अलंकार वशिष्ठ ने ग्राहक पंचायत संगठन की इतिहास और उद्देश्य के बारे विस्तार से सभी को जानकारी दी। ग्राहक पंचायत का कार्य आज गांव गांव तक पहुंच गया। हमारा संकल्प है की समाज शोषण मुक्त हो यह तभी संभव है जब प्रत्येक ग्राहक जागरूक होगा। सुरेंद्र सक्सेना ने उपभोक्ता के कानूनी अधिकारों की विस्तृत जानकारी सभी ग्राहकों को दी और शोषित ग्राहक को न्याय पाने के लिए उपभोक्ता फोरम में किस प्रकार से ग्राहक आकार प्रतिवाद लगा सकता है।

# पांच दिवसीय भूकंप पूर्व तैयारी व खोज-बचाव प्रशिक्षण का शुभारंभ



**ब्यावरा।** राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार व कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा के संयुक्त तत्वाधान में पांच दिवसीय भूकंप पूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम एवं ध्वस्त ढांचा एवं खोज व बचाव संबंधित प्रशिक्षण का आयोजन गुरूवार को किया गया। यह प्रशिक्षण 30 मार्च, 2026 तक पॉलिटेक्निक कॉलेज राजगढ़ में किया जाएगा। जिसके अंतर्गत मुख्य अतिथि प्रोफेसर पालिटेक्निक महाविद्यलाय श्री राजू जैतवाल द्वारा दीप प्रज्जवलित कर सरस्वती माता को माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुलिस विभाग, होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ, सिविल डिफेन्स वालिन्टियर, स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका, महाविद्यालय, शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी एवं सदस्य भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को डॉ. रजत कुलश्रेष्ठ एवं श्री डी.आर.वर्मा, डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट एवं प्लाटून कमाण्डर श्री सुनिल अहिरवाल होमगार्ड द्वारा भूकंप जैसे आपदाओं के समय त्वरित प्रतिक्रिया, खोज एवं बचाव तकनीक, आपदा प्रबंधन के समन्वयित प्रयास तथा ध्वस्त संरचनाओं में सुरक्षित तरीके से कार्य करने के संबंध में व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य आपदा के समय प्रभावी प्रतिक्रिया क्षमता विकसित करना, जन-धन की हानि को न्यूनतम करना तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित किया जाना है।

# कलेक्टर ने लायरा स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया, कहाः स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही न की जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कुरवाई तहसील के आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लायरा का औचक निरीक्षण किया।



कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि स्वाथ्य सेवाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार कि लापरवाही न हो। उन्होंने कई व्यवस्थाओं में सुधार लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र में साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता, मरीजों के उपचार, रिकॉर्ड संधारण एवं स्टाफ की उपस्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मरीजों को बेहतर और समय पर इलाज मिलना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मौके पर मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों को चेतावनी देते हुए कहा कि सभी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप रहें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि आयुष्मान योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ मिले और किसी भी मरीज को अनावश्यक परेशान न होना पड़े। अधिकारियों से कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाना आवश्यक है।

## परीक्षा के समय तनाव रहित कैसे रहें विषय पर कार्यशाला आयोजित

**राघौगढ़।** शासकीय महाविद्यालय राघौगढ़ में राष्ट्रीय कार्यबल प्रकोष्ठ अंतर्गत "परीक्षा के समय तनाव रहित कैसे रहें" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. माया परस्ते द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया।अपने उद्बोधन में डॉ. माया परस्ते ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक ज्ञान प्रदान करना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को मानसिक रूप से भी सशक्त बनाना है। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि छात्र-छात्राएं पूरे वर्ष नियमित रूप से अध्ययन करें तो परीक्षा के समय तनाव स्वतः कम हो जाता है। इसी क्रम में डॉ. पूनम नामदेव ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि परीक्षा को एक अवसर के रूप में लेना चाहिए, जिसके माध्यम से वे अपने ज्ञान और क्षमता का प्रदर्शन कर सकते हैं। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सहायक प्राध्यापक कुमारी प्रतिभा दुबे ने विद्यार्थियों को बताया कि परीक्षा के समय तनाव होना स्वाभाविक है, लेकिन इसे नियंत्रित करना आवश्यक है।

# जमीन सौदे में फंसे 15 लाख रुपए लौटाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

पुलिस पंचायत की साप्ताहिक बैठक एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे एवं कोर कमेटी सदस्यों की उपस्थिति में हुई। बैठक में विभिन्न जटिल पारिवारिक व आर्थिक प्रकरणों की सुनवाई कर संतोषजनक समाधान किया गया। एक बुजुर्ग महिला ने जमीन खरीद के लिए दिए गए 15 लाख रुपए वापस न मिलने की शिकायत की थी। पंचायत द्वारा दोनों पक्षों को समझाइश देने पर विक्रेता ने पूरी राशि लौटाने के साथ 2.5 लाख रुपए ब्याज देने पर सहमति जताई। पीड़िता ने राहत मिलने पर संतोष व्यक्त किया। गंजबासौदा की एक वृद्ध महिला ने बेटे-बहू के व्यवहार से परेशान होकर शिकायत की थी। पंचायत में समझाइश के बाद तय हुआ कि महिला अपने मकान के ऊपरी हिस्से में रहेंगी, जबकि बेटा-बहू नीचे निवास करेंगे। एक माह बाद समीक्षा के निर्देश दिए।

## तीन लोगों के खिलाफ जारी हुआ जेल के लिए गिरफ्तारी वारंट

**गुना।** शासकीय भूमि पर किए जा रहे अतिक्रमण के संबंध में एक अभियान चलाकर कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं राघोगढ़ एसडीएम अमित कुमार सोनी द्वारा तहसील मकसूदनगढ़ के अवधनारायण पुत्र शंकरलाल मीणा कमलपुरा तथा हिंगोना निवासी लखन पुत्र जयनारायण मीणा उधम सिंह पुत्र शिवनारायण मीणा द्वारा ग्राम कमलपुरा स्थित सर्वे क्रमांक 101 रकवा 1.672 हिंगोना स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 364 रकवा 2.09 हेक्टेयर पर पटवारी रिपोर्ट अनुसार गेहूं की फसल बोकर अतिक्रमण किया गया था जिसमें प्रकरण क्रमांक 0037 एवं 0038/ अ - 68/2025 26 के तहत कार्यवाही कर आदेश पारित किया गया था लेकिन 7 दिवस पश्चात भी अतिक्रमण न हटाने पर अर्थदण्ड आरोपित कर बेदखल किया गया था फिर भी अतिक्रमण न हटाने पर तहसीलदार मधुसुदनगढ़ के प्रतिवेदन पर उपखंड अधिकारी राघोगढ़ द्वारा मध्य प्रदेश भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 248 में निहित प्रावधानों के तहत जेल वारंट जारी किया गया है।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं को दिया पार्टी के प्रति पूर्णतः समर्पण रहने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीरापुर

नगर के आवास कालोनी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में दो दिवसीय भारतीय जनता पार्टी का प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ। पंडित दीनदयाल उपाध्याय मण्डल महाअभियान पर यह शिविर केवल पारंपरिक प्रशिक्षण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि कार्यकर्ताओं को बदलते राजनीतिक दौर के अनुरूप ग्राउंड . डिजिटल मॉडल पर तैयार करने का प्रयास भी दिखा। इस प्रशिक्षण में 8 सत्रों के जरिए कार्यकर्ताओं को चुनावी रणनीति, विचारधारा और तकनीकी दक्षता का मिश्रित प्रशिक्षण दिया गया।




प्रशिक्षण शिविर में भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, विधायक हजारीलाल दांगी, पूर्व विधायक पुरसिह पंवार, भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दिनेश पुरोहित, बलराम टांक सहित जिले के वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को पार्टी के इतिहास से जोड़ते हुए समर्पण और निरंतर सक्रियता का संदेश दिया। शिविर में अनुशासन, संवाद और सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। यह प्रशिक्षण महाअभियान एक तरह से संगठन के नए वर्किंग मॉडल की झलक भी रहा, जहां बूथ स्तर की मजबूती के साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पकड़ को भी उतनी ही अहमियत दी जा रही है। मण्डल के कार्यकताओं सहित पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# पत्नी वियोग में पति की जहर से मौत परिजनों ने सड़क पर किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

लीमाचैहान थाना क्षेत्र के दराना गांव में एक युवक ने पत्नि के वियोग में जहर खाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक बालू वर्मा 28 वर्ष की बुधवार रात इंदौर में इलाज के दौरान मौत हो गई। गुरुवार शाम करीब 4 बजे शव लेकर पहुंचे परिजनों ने लीमाचैहान थाना के सामने सड़क पर शव रखकर चक्काजाम की स्थिति बना दी और पुलिस पर समय पर कार्रवाई नहीं करने के आरोप लगाए। बाद में एसडीओपी अरविंद्र सिंह ने पीड़तों को आश्वासन दिया उसके बाद मामला शांत हुआ। जानकारी के अनुसार, बालू वर्मा



और उसकी पत्नी संगीता वर्मा के बीच करीब दो सप्ताह पहले विवाद हुआ था। चार बेटियों की मां संगीता, दो बेटियों को साथ लेकर बिना बताए अपने मायके गोंदलमऊ चली गई थी। इस पर बालू ने लीमाचैहान थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने महिला को दस्तयाब कर दोनों के बीच बातचीत कराई, लेकिन पत्नी के वापस लौटने से इनकार करने पर बालू ने करीब पांच दिन पहले खेतों में उपयोग होने वाली कीटनाशक दवा पी ली। गंभीर हालात में उसे सारंगपुर से इंदौर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत के बाद गुस्साए परिजनों ने थाने के सामने विरोध प्रदर्शन किया।

# ई-टोकन प्रणाली से खाद वितरण हुआ आसान



**ब्यावरा।** कृषि विभाग ने गुरुवार को जनपद पंचायत खिलचीपुर सभाकक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें राजस्व विभाग के पटवारी, सहकारी समिति प्रबंधक, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक और कृषि विस्तार अधिकारी शामिल हुए।अनुविभागीय कृषि अधिकारी श्री प्रहलाद सिंह बारेला ने प्रतिभागियों को ई-टोकन जनरेट करने की प्रक्रिया सविस्तार समझाई, ताकि किसानों को उर्वरक वितरण में कोई परेशानी न हो। इस प्रणाली का मुख्य उद्देश्य उर्वरक वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता, समयबद्धता और सुगमता प्रदान करना है। ई-टोकन प्रणाली के तहत किसानों को उर्वरक प्राप्ति के लिए एक डिजिटल टोकन प्रदान किया जाता है, जिसमें उनकी आवश्यकता अनुसार उर्वरक की मात्रा, वितरण केंद्र, तिथि और समय का उल्लेख होता है। इससे किसानों को लंबी कतारों में लगने की झंझट खत्म हो जाती है। उप संचालक कृषि श्री सचिन जैन द्वारा किसानों को संतुलित मात्रा में खाद डालने की सलाह देने के संबंध में विस्तार से बताया।

## नगरीय प्रशासन की ओर से विभाग के अधिकारी को दिया सूचना पत्र

# संपत्ति कर बकाया होने पर नपा ने विद्युत दफ्तर में लगाया ताला, गायब हो गई शहर की बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

नगरीय प्रशासन की और से मध्य प्रदेश विद्युत मंडल के संभागीय अधिकारी का सूचना पत्र जारी कर जिले की समस्त नगर पालिकाओं की संपत्ति कर की राशि जमा करने के लिए सूचना दी गई है उसी क्रम में प्रशासन की ओर से नगर पालिका को निर्देश दिए की संपत्ति कर तत्काल वसूल करें नगरी प्रशासन विभाग के आदेश अनुसार सारंगपुर नगरपालिका के द्वारा अपना संपत्ति कर वसूलने के लिए मध्य प्रदेश विद्युत मंडल सारंगपुर को कई नोटिस दिए लेकिन उन्होंने कोई उत्तर नहीं दिया ना कोई राशि जमा की इस पर गुरुवार को नगर पालिका परिषद सारंगपुर ने विद्युत विभाग के खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए मौका पंचनामा बनाकर अधीक्षण यंत्री कार्यालय सहित बिजली विभाग के दफ्तर पर ताला लगाकर सील कर दिया। बताया जा रहा है कि लंबे समय से मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय सारंगपुर पर नगर पालिका का संपत्ति कर बकाया टैक्स की वसूली को लेकर की गई। जानकारी के अनुसार, नगर पालिका द्वारा बीते 4-5 वर्षों से भवन कर, स्वच्छता कर और प्रकाश कर की राशि की मांग की जा रही थी। बिजली विभाग पर कुल 1 करोड़ 89 लाख रुपये से अधिक का टैक्स बकाया है। नपा द्वारा पिछले दो वर्षों में लगभग 20 से अधिक नोटिस भी जारी किए गए, लेकिन विभाग ने राशि जमा नहीं की। इसी बीच बुधवार को बिजली विभाग ने बकाया बिल का हवाला देते हुए शहर की स्ट्रीट लाइट का कनेक्शन काट दिया। जबकि नगर पालिका का कहना है कि पहले ही बिल



एडजस्टमेंट के लिए विभाग को अवगत कराया गया था। इसके बावजूद स्ट्रीट लाइट बंद करने से नाराज नपा ने जवाबी कार्रवाई करते हुए बिजली विभाग के कार्यालय में ताला लगाकर सील कर दिया।

नगर पालिका एवं विद्युत मंडल की राजस्व वसूली नगर वासियों पर भारी पड़ती दिखाई दे रही है गर्मी के मौसम और दुर्गा पूजा के अवसर पर दो विभागों के बीच का लेनदेन नगर वासियों पर भारी पड़ता नजर आ रहा है दोपहर से नगर की बिजली बंद है विद्युत विभाग के सूत्रों से जानकारी मिली है कि बिजली फाल्ट है और कार्यालय में ताला लगा है ऐसे में सुधार कार्य का समान कैसे निकाले जब ताला खुलेगा तभी समान निकलेगा इसके लिए वरिष्ठ अधिकारी बात कर रहे है लेकिन सत्यता यही है कि खबर लिखे जाने तक नगर की बिजली पूर्ण रूप से बंद है इधर नपा अधिकारी दीपक रानवे ने बताया कि जब तक बकाया टैक्स और पेनल्टी की राशि जमा नहीं की जाती, तब तक कार्यालय पर लगा ताला नहीं खोला जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर पालिका की राशि वसूलना जरूरी है और इसी उद्देश्य से यह सख्त कदम उठाया गया है।

### इनका कहना है

नगरीय प्रशासन विभाग की और से संपत्ति कर वसूली के लिए पत्र प्राप्त हुआ था इसी के पालन में विद्युत मंडल कार्यालय में ताला डाला गया है।

**दीपक रानवे**, सीएमओ सारंगपुर,

नगर पालिका सारंगपुर की और से संपत्ति कर वसूली का नोटिस दिया गया। नोटिस में 15 दिवस को काटकर दो दिवस का समय देकर संपत्ति कर वसूली की मांग की गई। हमारे द्वारा नपा प्रशासन से संपत्ति कर किस दर से वसूली नोटिस दिया इसकी जानकारी चाही गई लेकिन जानकारी तो नहीं दी और ऑफिस में ताला डाल दिया गया।

**विद्यासागर सिंह**,
सहायक यंत्री विद्युत वितरण कम्पनी सारंगपुर